मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4

MHD-2

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम. ए. हिन्दी)

(एम.एच.डी.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2023

एम.एच.डी.-02 : आधुनिक हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : ***प्रथम*** *प्रश्न अनिवार्य है। शेष में से किन्हीं* ***चार*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 3×12=36

(क) जीवन की जटिल समस्या

है बढ़ी जटा सी कैसी ?

उड़ती है धूल हृदय में

किसकी विभूति है ऐसी ?

P. T. O.

जो घनीभूत पीड़ा थी
मस्तक में स्मृति-सी छायी
दुर्दिन में आँसू बनकर
वह आज बरसने आई।

(ख) स्नेहहीन तारों के दीपक
श्वास-शून्य थे तरु के पात,
विचर रहे थे स्वप्न अवनि में,
तम ने था मंडप ताना,
कूक उठी सहसा तरुवासिनी !
गा तू स्वागत का गाना,
किसने तुझको अन्तर्यामिनी!
बतलाया उसका आना ?

(ग) वह हँसी बहुत कुछ कहती थी,
फिर भी अपने में रहती थी,
सबकी सुनती थी, सहती थी,
देती थी सबको दाँव, बन्धु!

(घ) जो तुम आ जाते एक बार !

कितनी करुणा कितने सन्देश

पथ में बिछ जाते बन पराग

गाता प्राणों का तार-तार

अनुराग भरा उन्माद राग

आँसू लेते वे पद पखार!

(ङ) मगध के लोग

मृतकों की हड्डियाँ चुन रहे हैं

कौन-सी अशोक की है?

और चन्द्रगुप्त की ?

नहीं, नहीं, नहीं

ये बिंबसार की नहीं हो सकती

अज्ञातशत्रु की है।

2. जयशंकर प्रसाद के काव्य की विशेषताएँ बताइए। 16

3. सुमित्रानन्दन पंत के काव्य-वैभव का विवेचन कीजिए। 16

4. "महादेवी वर्मा की वेदना में भारतीय स्त्री का दु:ख बोलता है।" इस कथन पर अपना अभिमत प्रकट कीजिए। 16

5. 'अंधेरे में' कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए। 16

6. प्रेम और सौन्दर्य के कवि के रूप में 'दिनकर' का मूल्यांकन कीजिए। 16

7. साठोत्तरी हिन्दी कविता में धूमिल का महत्व निर्धारित कीजिए। 16

8. नागार्जुन की काव्य-कला का परिचय दीजिए। 16

9. श्रीकांत वर्मा के काव्य की प्रमुख विशेषताएँ बताइए। 16